
# अध्याय 3

# घटाव

**अधिगम बिन्दु**
- दो अंकों की संख्याओं की हासिल वाला घटाव एवं इबारती सवाल
- जोड़ एवं घटाव एक दूसरे की विपरीत क्रिया
- हिन्दी अंकों के साथ जोड़ घटाव

**3.1** पिछली कक्षा में आपने घटाव को इन तरीकों से किया। आओ, एक सवाल करके देखते हैं।

24 − 13




यहाँ रमन 24 पर खड़ा है। उसे पीछे की ओर (यानी घटाव) चलना है। वह 13 कदम पीछे की ओर चलकर कहाँ पहुँचेगा ?

जब वह 24 से 13 कदम पीछे चलेगा तो वह 11 पर पहुँचेगा।

(करके देखिए।)

$$24 - 13 = 11$$

## दूसरा तरीका


24−13 को इस प्रकार लिखिए −

| | दहाई | इकाई |
|---|---|---|
| 24 | 2−1 | 4−3 |
| − 13 |  |  |
| 11 | 1 | 1 |

अर्थात् पहले (4−3) का मतलब 4 लाइन खींचकर तीन लाइन काटिए, एक बचेगी। (2−1) का मतलब दो लाइन खींचकर एक लाइन काटिए, एक बचेगी।

अतः 24−13 = 11

## तीसरा तरीका –




अर्थात् = 24 – 10 = 14

= 14 – 3 = 11

अतः = 24 – 13 = 11

**आप किसी भी तरीके से इन सवालों को हल करिए –**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 24 | 57 | 89 | 66 | 22 |
| – 12 | –23 | –73 | –55 | –11 |
| | | | | |

## इबारती सवाल–

**उदाहरण–1** दीवाली पर विमला ने 17 दीपक जलाए। उनमें से 5 दीपक बुझ गए। बताइए, अब कितने दीपक जलते हुए रहे ?

दीपक जलाए = 1 7

दीपक बुझ गए = – 0 5

दीपक जलते हुए रहे = 1 2

**उदाहरण–2** एक तालाब में 56 बतखें तैर रही थी। उनमें से 24 बतखें बाहर आ गईं। बताइए, अब तालाब में कितनी बतखें तैर रही हैं?

बतखें तैर रही थीं = 56

बतखें बाहर आ गई = – 24

बतखें बची = 32

## अभ्यास 3.1

1. आशा के पास 98 आम थे। उनमें से उसने 65 आम बाँट दिए। बताइए, अब उसके पास कितने आम बचे ?
2. रामू के पास 27 बकरियाँ थी। उनमें से उसने 13 बकरियाँ बेच दी। बताइए, अब उसके पास कितनी बकरियाँ बची ?
3. एक विद्यालय को 68 झंडियाँ दी गई। उनमें से 48 झंडियाँ बच्चों को बाँट दी। बताइए, अब कितनी झंडियाँ बची ?
4. एक व्यापारी के पास 68 बोरी मक्का थी। उसमें से उसने 54 बोरी मक्का बेच दी। बताइए, अब व्यापारी के पास कितने बोरी मक्का बची ?
5. पंचायत द्वारा विद्यालय में 58 पौधे लगाने को दिए। उनमें से 46 पौधे लगा दिए। बताइए, अब कितने पौधे लगाने शेष रहे ?

## 3.2 दो अंकों की संख्याओं की हासिल वाली घटाव

**उदाहरण–3** घटाव कीजिए– 45 – 34

सर्वप्रथम आड़े लिखे सवालों को कालम में लिखते हैं। इकाई व दहाई का आपको पूर्ण ज्ञान है। इकाई के नीचे इकाई का अंक व दहाई के नीचे दहाई का अंक रखते हैं।

$$\begin{array}{rcc} & 4 & 5 \\ - & 3 & 4 \\ \hline & 1 & 1 \\ \hline \end{array}$$

इकाई के अंक से इकाई का अंक घटाते हैं (5–4) उत्तर 1 प्राप्त होता है। इसी प्रकार दहाई के अंक से दहाई का अंक (4–3) घटाते हैं। उत्तर 1 प्राप्त होता है।

**उदाहरण–4** घटाव कीजिए– 56–38

| | द. | इ. |
|---|---|---|
| | 5 | 6 |
| – | 3 | 8 |
| | | |

सर्वप्रथम सवालों को कॉलम रूप में इकाई दहाई के रूप में लिखते हैं। यहाँ इकाई के अंक में से इकाई का अंक घटाना है, (6–8) लेकिन 6 में से 8 नहीं निकाल सकते हैं। अतः एक दहाई हासिल के रूप में लेकर इकाई में जोड़ देंगे।

| | द. | इ. |
|---|---|---|
| | 4 ~~5~~ | 16 |
| – | 3 | 8 |
| | | |

(1) 5 में से 1 दहाई घटाने पर 4 दहाई बची।

(2) 1 दहाई = 10 इकाई।
10 इकाई 6 इकाई में जोड़ने पर
10 + 6 = 16 इकाई बनी।

अब (16–8) करने पर 8 इकाई बचती है एवं 4 दहाई में से 3 दहाई घटाने पर 1 दहाई प्राप्त होती है।

| | द. | इ. |
|---|---|---|
| | 4 ~~5~~ | 16 |
| – | 3 | 8 |
| | 1 | 8 |

**उदाहरण–5** घटाव कीजिए– 80–56

सर्वप्रथम कॉलम में इकाई व दहाई के रूप में लिखिए –

| | द. | इ. |
|---|---|---|
| | 8 | 0 |
| – | 5 | 6 |
| | | |

सर्वप्रथम इकाई के अंक से इकाई का अंक घटाऐंगे (0–6) यहाँ 0 में से 6 नहीं घटा सकते हैं। अतः एक दहाई हासिल के रूप में लेंगे।

| द. | इ. |
|---|---|
| 7 ~~8~~ | 10 |
| − 5 | 6 |
| | |

(1) 1 दहाई हासिल के रूप में लेने पर 8 दहाई की जगह 7 दहाई बचेंगी।

(2) 1 दहाई = 10 इकाई

10 इकाई + 0 इकाई = 10 इकाई।

अब 10 इकाई में से 6 इकाई घटाने पर 4 इकाई एवं 7 दहाई में से 5 दहाई घटाने पर 2 दहाई बचेगी।

| द. | इ. |
|---|---|
| 7 ~~8~~ | 10 |
| − 5 | 6 |
| 2 | 4 |

अतः 80–56 = 24

## अभ्यास 3.2

सवालों को कॉलम रूप में लिखिए व हल कीजिए।

1. 76 − 69
2. 80 − 76
3. 57 − 46
4. 25 − 8
5. 88 − 79
6. 99 − 33
7. 70 − 49
8. 38 − 29
9. 62 − 18

## हासिल वाले इबारती सवाल

**उदाहरण 6** गीता के पास 90 रुपये थे। उसमें से उसने 68 रुपये खर्च कर दिये। बताइए, अब उसके पास कितने रुपये बचे ?

**हल** 90–68

| | | द० | इ० |
|---|---|---|---|
| रुपये थे= | | ~~9~~ 8 | 10 |
| खर्च किए = | – | 6 | 8 |
| बचे = | | 2 | 2 |

### अभ्यास 3.3

## इबारती सवालों को हल कीजिए–

1. एक बस में 25 यात्री बैठे थे। इनमें से 18 यात्री उतर गए। बताइए, अब बस में कितने यात्री रहे ?
2. एक गुब्बारे वाले के पास 25 गुब्बारे थे। उसने 17 गुब्बारे बेच दिए। बताइए, अब उसके पास कितने गुब्बारे बचे ?
3. एक विद्यालय में 75 विद्यार्थी पढ़ते हैं आज 26 विद्यार्थी नहीं आए। बताइए, आज कितने विद्यार्थी उपस्थित हैं ?
4. मैच जीतने के लिए 94 रन चाहिए। राहुल ने 56 रन बनाए। बताइए, मैच जीतने के लिए कितने रन और चाहिए ?
5. एक वस्तु का मूल्य 45 रुपये है। आपके पास 27 रुपये है। बताइए, वस्तु खरीदने के लिए कितने रुपये और चाहिए।

**एक तरीका ऐसा भी**

## घटाव

**उदाहरण–7** रानी के पास 66 रुपये हैं। उसने 26 रुपये का सामान खरीदा बताइए, कितने रुपये बचे ?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रुपये थे | 66 = | 60 | + | 6 |
| खर्च हुए | 26 = | –20 | + | 6 |
| बचे | = | 40 | + | 0 |

रानी के पास 40 रुपये बचे

**उदाहरण–8** राजू के पास 43 रुपये थे । 28 रुपये का सामान खरीदा। कितने रुपये बचेंगे ?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| राजू के पास रुपये थे | | 43 = | 40 | + | 3 |
| सामान खरीदा | – | 28 = | 20 | + | 8 |
| कितने रुपये बचे | = | | | | |

यहाँ 3 में से 8 नहीं घटते है तो 40 में से 10 हासिल 3 को देंगे 10 + 3 =13 हो जाएंगे। 40 के स्थान पर 30 रह जाएगा।

$$\begin{array}{rcl} 43 &=& 30 + 13 \\ -\ 28 &=& 20 + 8 \\ \hline \end{array}$$

अब 13 में से 8 घटाने पर 5 बचता है व 30 में से 20 घटाने पर 10 बचता है

$$\begin{array}{rcl} 43 &=& 30 + 13 \\ -\ 28 &=& 20 + 8 \\ \hline && 10 + 5 \\ \hline \end{array}$$

43–28 = 15

अतः 15 रुपये बचे।

घटाव इस प्रकार भी करते हैं –

1. 73 – 55

$$\begin{array}{l} 73 = 70 + 3 \Rightarrow \quad 60 + 13 \\ 55 = 50 + 5 \Rightarrow \; - 50 + 5 \\ \qquad\qquad\qquad\qquad\quad 10 + 8 \end{array}$$

= 73 – 55 = 18

2. 60 – 49

$$\begin{array}{l} 60 = 60 + 0 \Rightarrow \quad 50 + 10 \\ 49 = 40 + 9 \Rightarrow \; - 40 + 9 \\ \qquad\qquad\qquad\qquad\quad 10 + 1 \end{array}$$

= 60 – 49 = 11

## 3.2 जोड़ घटाव एक दूसरे की विपरीत क्रिया है

इस सवाल को देखो –

- 5 में 7 जोड़ने पर कितना प्राप्त होगा ?

5 + 7 = 12

- 12 में से कितने घटाएँ कि पुनः 5 प्राप्त हो –

12 – 7 = 5

इस प्रकार लिखते हैं –

5 + 7 = 12 या 12 – 7 = 5

अर्थात् दो संख्याओं को जोड़ने पर जो संख्या प्राप्त होती है, उसमें से पुनः दोनों संख्याओं में से एक घटाने पर दूसरी संख्या आ जाती है। अतः जोड़ एवं घटाव एक दूसरे की विपरीत क्रिया है।

## अभ्यास 3.4

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 20 + 5 | = | 25 | ⟺ | 25 | − | 5 | = | ☐ |
| 2. | 17 + 12 | = | 29 | ⟺ | 29 | − | ☐ | = | ☐ |
| 3. | 72 + 15 | = | 87 | ⟺ | 87 | − | ☐ | = | ☐ |
| 4. | 26 + 25 | = | ☐ | ⟺ | ☐ | − | 26 | = | ☐ |
| 5. | ☐ + 12 | = | 37 | ⟺ | 37 | − | ☐ | = | 12 |
| 6. | ☐ + ☐ | = | 15 | ⟺ | 15 | − | ☐ | = | ☐ |

## प्रश्नावली 3

1. हिन्दी अंकों के साथ जोड़ एवं घटाव कीजिए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) ३ ४<br>+ ७ ३<br>______<br>______ | (ii) ८ ८<br>+ ३ २<br>______<br>______ | (iii) ६ ०<br>− ७ ८<br>______<br>______ | (iv) १ ८<br>+ ३ ०<br>______<br>______ |
| (v) ३ ७<br>+ ६ २<br>______<br>______ | (vi) ६ ६<br>− २ ३<br>______<br>______ | (vii) १ ५<br>+ ३ ५<br>______<br>______ | (viii) ७ ०<br>− ३ ६<br>______<br>______ |

(ix) ६६ - ७३ (x) ३७ + ८० (xi) ८० - ८

(xii) ६ + १६ (xiii) ८ + २० (xiv) ७ + ३७

2. घटाइए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) 88 - 73 | (ii) 90 - 73 | (iii) 15 - 04 | (iv) 73 - 52 |
| (v) 30 - 27 | (vi) 37 - 29 | (vii) 30 - 09 | (viii) 37 - 08 |

(ix) 93 - 77 (x) 50 - 45 (xi) 32 - 17

3. क्रिकेट मेच मे रमन ने 85 रन बनाए। शतक(100) पूरा करने के लिए रमन को कितने रन और चाहिए ?

4. एक टोकरी में 55 फल है। 25 फल बाँट दिये बताओं टोकरी में कितने फल बचें।